>

Title: Need to provide more land available adjacent to the existing memorial of Dr. B.R. Ambedkar in Mumbai, Maharashtra.

श्री एकनाथ महादेव गायकवाड (मुम्बई दक्षिण-मध्य): मैं पुनः एक बार फिर सरकार का ध्यान परम पूज्य डॉ0 बाबा साहेब अम्बेडकर के राष्ट्रीय स्मारक चैत्यभूमि की ओर आकर्षित करना चाहता हूं।

डॉ0 बाबा साहेब अम्बेडकर हमारे देश के एक महान नेता थे। उन्होंने विभिन्न जातियों के बीच समानता की भावना का संचार किया था। वर्तमान में दादर बीच का छोटा टुकड़ा ही स्मारक के पास है। महोदया, बाबा साहेब के लाखों अनुयायी प्रतिदिन चैत्य भूमि आते हैं। इतनी बड़ी संख्या में उनके अनुयायियों के प्रतिदिन वहां आने के कारण वर्तमान जगह में ठीक तरह से व्यवस्था नहीं हो पाती है। दूसरे, चैत्य भूमि द्वारा वहां एक दलित आंदोलन की आर्ट गैलरी सभागार, विश्वस्तरीय लाइब्रेरी और एक बौद्ध शिक्षण केन्द्र आदि बनाने का प्रस्ताव भी विचाराधीन है। लेकिन वर्तमान जमीन पर इसका विस्तार एवं सौन्दर्यकरण नहीं किया जा सकता।

इन्दू डाई वर्क्स मिल्स की जमीनें जो कि नेशनल टैक्सटाइल कारपोरेशन के अंतर्गत आती है और बंद पड़ी हैं, चैत्यभूमि स्मारक से सटी हैं।

अतः मैं सरकार से यह निवेदन करता हूं कि बंद पड़ी इंदू डाई वर्क्स मिल्स की जमीन को नःशुल्क परम पूज्य डॉ0 बाबा साहेब अम्बेडकर स्मारक के लिए महाराष्ट्र शासन, चैत्यभूमि को हस्तानांतरित किया जाए और इसके (स्मारक) विस्तार एवं सौन्दर्यीकरण के लिए केन्द्र सरकार चैत्य भूमि स्मारक को 100 करोड़ रूपये की सहायता तुंत उपलब्ध कराए।